राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 5 मई। इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष श्री गोपाल कृष्ण गोस्वामी जी के निधन पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

श्री मिश्र ने कहा कि दुनिया भर में दर्जनों मंदिरों और सांस्कृतिक केंद्रों के निर्माण कार्य का उनका योगदान सनातन भारतीय संस्कृति की अनुपम देन है। उनका निधन अपूरणीय क्षति है।

राज्यपाल ने ईश्वर से स्व. गोस्वामी की पुण्यात्मा को शांति प्रदान करने और उनके अनुयायियों को यह भारी दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।